समाचार

क्षत्रिय राठौर समाज के भवन उन्नयन कार्य का भूमिपूजन करेंगे विधानसभा अध्यक्ष

कोरबा 10 मार्च 2023 – छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत शनिवार 11 मार्च को दोपहर 01 बजे डीडीएम रोड स्थित क्षत्रिय राठौर समाज के भवन के उन्नयन कार्य का भूमिपूजन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा की जाएगी, वहीं कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत कार्यक्रम की गेस्ट आफ आनर होंगी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण, पार्षद व एल्डरमेनगण अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे।